Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Singh Shri Ganesh

an>

Title : Need to continue with the facility of petroleum depot being jointly run by Hindustan Petroleum, Indian Oil and Bharat Petroleum at Satna, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र का बहुत ही महत्वपूर्ण विाय सदन में रखना चाहता हूं जो कि आजादी से पूर्व सतना में स्थापित पेट्रोलियम डिपो को यथावत रखने के संबंध में है।

महोदय, मध्य प्रदेश के सतना जिला मुख्यालय में आजादी के पूर्व से हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन आयल एवं भारत पेट्रोलियम का संयुक्त रूप से तेल डिपो स्थापित है। इस डिपो से सतना, पन्ना, छतरपुर, सीधी, रीवा एवं शहडोल जिलों को डीजल, पेट्रोल एवं मिट्टी तेल का ि वतरण किया जाता है। साथ ही इन तीनों कम्पनियों के लगभग 100 पेट्रोल पम्प इस क्षेत्र में स्थापित हैं। विगत दो वार्ों में हर माह में डिपो में तेल की आपूर्ति बंद करने की खबर फैलती रहती है। फिर 31 जुलाई को तेल की आपूर्ति बंद करने की सूचना दी गयी है।

मैंने पूर्व में भी लोक सभा में इस विाय को उठाया था। तत्कालीन पेट्रोलियम मंत्री जी ने तीनों कम्पनियों के प्रबंधकों से मेरी चर्चा भी करायी थी और सभी ने यह कहा था कि डिपो में तेल की आपूर्ति सुरक्षा कारणों से बंद करने पर विचार किया जा रहा है। तब मैंने उनके सामने एक विकल्प रखकर कहा था कि इन तीनों कम्पनियों ने 100 एकड़ जमीन वगहा गांव में रेलवे लाइन के किनारे खरीदी थी, उस पर टैंक आदि भी बनाना प्रारम्भ कर दिया गया था। उस जगह पर डिपो स्थानांतरित किया जा सकता है और पूर्णतः सुरक्षित भी रहेगा, तब से लेकर अब तक डिपो में तेल की आपूर्ति निरंतर चलती रही। लेकिन अब उसे पुनः बंद करने की सूचना दी गयी है, जिससे पूरे जिले के सभी राजनैतिक दल, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, सभी व्यवसायिक एवं सामाजिक संगठनों ने सभी जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि डिपो को किसी भी कीमत पर सतना से अनयत्र नहीं ले जाने दिया जाएगा। विकल्प के रूप में यदि वगहा गांव में उपो स्थापित किया जाएगा तो उसका स्‍ वागत है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सतना में स्थापित तेल डिपो यथावत रखने के निर्देश आयल कम्पनियों को देने की कृपा करें।

MR. SPEAKER: Shri Shailendra Kumar. Today is his birthday also.